| |
|---|
| दिनांक 21.09.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 486/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद अमेठी/थाना गौरीगंज

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 21.09.2026 को थाना गौरीगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त राजेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना जामो पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गौरीगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजेश निवासी दतनपुर थाना जामो जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

## जनपद हाथरस/थाना सादाबाद

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 21.09.2026 को थाना सादाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सादाबाद–राया बॉर्डर से पुरस्कार घोषित अभियुक्त नीरेश उर्फ नीरे उर्फ श्यामलाल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जो थाना सादाबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद हाथरस के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 45 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नीरेश उर्फ नीरे उर्फ श्यामलाल निवासी ग्राम रमचेला थाना सादाबाद जनपद हाथरस।

**जनपद सीतापुर/थाना महमूदाबाद**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 44 हजार 100 रूपये नगद**
- **चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 21.09.2026 को थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नूरपुर पुल के पास से 06 अभियुक्तों 1—राम प्रकाश 2—आशीष उर्फ ननका 3—सूबेदार 4—अरविन्द्र कुमार 5—श्रवण उर्फ सरवन 6—श्रीकृष्ण को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 44 हजार 100 रूपये नगद, चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना महमूदाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना महमूदाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना महमूदाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राम प्रकाश निवासी ग्राम छोटी ग्यारी थाना थानगाव जनपद सीतापुर।

2–आशीष उर्फ ननका निवासी सुकुलपुरवा नई बस्ती थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर।

3–सूबेदार निवासी गुड़गुवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर।

4–अरविन्द्र कुमार निवासी असईपुर थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर।

5–श्रवण उर्फ सरवन निवासी असईपुर थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर।

6–श्रीकृष्ण निवासी बजाजा चौराहा थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर, स्थाईपता ग्राम वीशापुर थाना तासगांव जनपद सन्दली महाराष्ट्र।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 लाख 44 हजार 100 रूपये नगद।

2–चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4–02 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद भदोही/थाना ज्ञानपुर

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 21.09.2026 को थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त अर्पित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना ज्ञानपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना ज्ञानपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अर्पित निवासी काशीराम आवास ब्लाक नं0–62 थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही।

**बरामदगी**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि।

## जनपद रामपुर/थाना कोतवाली

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 15 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 21.09.2026 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हमसफर चौक निर्माणाधीन पुल के पास से 03 अभियुक्तों 1–मो0सारिक 2–कय्यूम अली 3–रफतअली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 15 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त रफत अली के विरूद्ध जनपद रामपुर, मुरादाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 12 अभियोग, अभियुक्त कय्यूम अली के विरूद्ध जनपद रामपुर के विभिन्न थानो में चोरी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0सारिक निवासी मो0 बारादरी थाना गंज जनपद रामपुर।

2–कय्यूम अली निवासी ग्राम खोद थाना अजीमनगर जनपद रामपुर।

3–रफतअली निवासी नई बस्ती अजीतपुर थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 15 मोटर साइकिल।

## जनपद मीरजापुर/थाना को0देहात

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 35 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 50 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 कार बरामद**

दिनांक 21.09.2026 को थाना को0देहात व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर छितपुर मोड़ ग्राम बरकछा खुर्द के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—ओमेन्द्र 2—तुषार कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 35 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 50 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा, 02 मोबाइल फोन, 01 कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना को0देहात पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—ओमेन्द्र निवासी बिलहरका थाना करतल जनपद बाँदा।

2—तुषार कुमार निवासी वजीरपुर सत्सर्ग थाना ए—ब्लॉक दिल्ली।

**बारमदगी**

1—लगभग 35 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 50 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा।

2—02 मोबाइल फोन।

3—01 कार।

## जनपद अमेठी/थाना संग्रामपुर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 06 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 21.09.2026 को थाना संग्रामपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ओझा का पुरवा बाग से 03 अभियुक्तों 1—राहुल 2—गजाधर 3—आदित्य उर्फ करन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 06 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–राहुल निवासी शुकुलडीह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।

2–गजाधर निवासी नयापुरवा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।

3–आदित्य उर्फ करन निवासी पाण्डेय का पुरवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 06 मोटर साइकिल।

## जनपद अयोध्या/थाना रौनाही

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **672 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 वैगनार कार बरामद**

दिनांक 21.09.2026 को थाना रौनाही पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लखनऊ–फैजाबाद हाइवे पर मुबारकगंज के पास से 02 अभियुक्तों 1–वीरेन्द्र 2–भोला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 672 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब, 01 वैगनार कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना रौनाही पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–वीरेन्द्र निवासी ग्राम दरघाट परमेश्वरपुर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर।

2–भोला निवासी मानीराम परमेश्वरपुर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–672 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब।

2–01 वैगनार कार।

- **<u>जनपद सम्भल/थाना बनियाठेर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 01 लाख 69 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद सम्भल पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सम्भल द्वारा थाना बनियाठेर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/307/394/411/224 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त धर्मपाल को आजीवन कारावास व 01 लाख 69 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बहराइच/थाना दरगाह शरीफ (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 54 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बहराइच पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बहराइच द्वारा थाना दरगाह शरीफ पर पंजीकृत अभियोग में धारा 504/506 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त आलोक को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 54 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————